# दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)

रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) – 491001

Email: exam@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in Phone & Fax 0788-2359300

## // अधिसूचना //

क्रमांक 740 /परीक्षा/पूरक/2017 दुर्ग, दिनांक 02.11.2017

दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों के नियमित/भूतपूर्व परीक्षार्थी जिन्हें वार्षिक परीक्षा वर्ष 2017 में पूरक की अर्हता प्राप्त हैं, उन परीक्षार्थियों के लिए बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी. (गृहविज्ञान)/बी.सी.ए. भाग–एक एवं दो की पूरक परीक्षा 2017 में सम्मिलित होने हेतु पात्र परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाईन पद्धति द्वारा विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.durguniversity.ac.in द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क (इंटरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से) जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:–

| क्र. | परीक्षा आवेदन | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | पूरक परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन द्वारा संपूर्ण शुल्क सहित परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 03.11.2017 से 18.11.2017 तक |
| 02 | पूरक परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन भरे गये पूरक परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकापी संलग्नों सहित संबंधित पूरक परीक्षा केन्द्र में जमा करने की तिथि | 20.11.2017 |
| 03 | पूरक परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराये गये हार्ड कापी एवं संलग्नक सहित एवं नॉमिनल रोल, न्यूमेरिकल रिटर्न, शुल्क सूची, गोसवारा सहित | 22.11.2017 |

**टीपः– पूरक परीक्षा दिनांक 27.11.2017 से प्रारंभ होगी। जिसकी विस्तृत समय सारिणी पृथक से प्रसारित की जायेगी।**

- यदि कोई पूरक परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरा है और निर्धारित तिथि तक यदि वह अपनी हार्ड कापी संबंधित पूरक परीक्षा केन्द्र (महाविद्यालय) में जमा नहीं करता है तो उसकी पूरक परीक्षा आवेदन करने की वैधता समाप्त हो जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई परीक्षा शुल्क की राशि भी वापस नहीं की जावेगी।
- समस्त संबंधित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे इस अधिसूचना में दिये गये निर्देशों की जानकारी अपने महाविद्यालय के सूचना पटल पर आवश्यक रूप से चस्पा करावें तथा समस्त संबंधित परीक्षार्थियों को इससे अवगत करावें ताकि उन्हें प्रक्रिया समझने में आसानी हो सके।
- परीक्षार्थी ऑनलाईन फार्म भरकर प्राप्त प्रिंट आउट को समस्त संलग्न प्रपत्रों सहित अपने महाविद्यालयों के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में नियत तिथि तक जमा करेंगे।
- पूरक परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन करते समय आने वाली कठिनाईयों पर हेल्पलाईन नं. 9713601649, 9713602216, 9713602105, 9713601852 पर कार्यालयीन समय प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।
- पूरक परीक्षा केन्द्र सूची में उल्लेखित केन्द्र में आसंजित महाविद्यालयों के पूरक परीक्षार्थी ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात अपनी हार्डकापी संलग्नकों सहित जमा करेंगे। पूरक परीक्षार्थी ऑनलाईन से ही प्रवेश पत्र प्राप्त कर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार पूरक परीक्षा में शामिल होंगे। अन्यत्र पूरक परीक्षा केन्द्रों से परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी।
- ऐसे परीक्षार्थी जिन्हें वर्ष 2017 की वार्षिक परीक्षा में पूरक की पात्रता है वही परीक्षार्थी पूरक परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे तथा उन्हीं विषयों/प्रश्नपत्रों/अनुक्रमांक का उल्लेख करेंगे जो वार्षिक परीक्षा 2017 की अंकसूची/इंटरनेट से प्राप्त अंकसूची में दर्ज है।
- वे परीक्षार्थी जिन्होंने पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना हेतु आवेदन किया है तथा जिनके नकल प्रकरण एवं अन्य किसी कारणों से परिणाम रोके गये हैं, ऐसे परीक्षार्थी परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात यदि उन्हें अनुत्तीर्ण से पूरक की पात्रता प्राप्त होती है, तो संबंधित परीक्षार्थी परीक्षा परिणाम घोषित होने के तत्काल बाद शुल्क सहित परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। विशेष परिस्थिति में ऐसे परीक्षार्थी जिनके परीक्षा परिणाम विलंब से जारी होते हैं वे परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिन पूर्व तक बिना विलंब शुल्क के पूरक परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की अनुमति पश्चात जमा कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।
- वे परीक्षार्थी जिन्होंने पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना हेतु आवेदन किया है उनके पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना के परिणाम में यदि वे उत्तीर्ण घोषित किये जाते हैं तो उनके यही परिणाम मान्य होगा तथा उनके द्वारा यदि पूरक परीक्षा हेतु ऑनलाईन से परीक्षा आवेदन किया जा चुका हो तो उनके द्वारा जमा करायी गई परीक्षा शुल्क वापसी योग्य होगी। इसके लिए परीक्षार्थी को इसी सत्र में 15 दिवस के भीतर आवेदन करना होगा।
- पूर्व में महाविद्यालयों को परीक्षा शुल्क की तालिका उपलब्ध कराई गई है। तदनुसार परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क की राशि – एटीएम कार्ड/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा करेंगे। परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करते समय निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ अग्रेषण शुल्क की राशि रूपये 30/– भी ऑनलाईन पद्धति द्वारा ही जमा करेंगे। इसके पश्चात उन्हें महाविद्यालय/पूरक परीक्षा केन्द्र में अतिरिक्त अग्रेषण शुल्क देने की आवश्यकता नहीं होगी।

क्रमशः 02...

- हार्डकापी जमा करने के समय किसी भी प्रकार के दस्तावेज की कमी पाये जाने पर आवेदन निरस्त हो जावेगा तथा फीस वापस नहीं होगी अतः संबंधित परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें कि सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न हो।
- पूरक परीक्षा केन्द्रों/महाविद्यालयों के प्राचार्य यह सुनिश्चित कर लेवें कि परीक्षार्थी के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करा दिये हैं। प्राचार्य की जिम्मेदारी है कि कृपया वे सूक्ष्मतापूर्वक परीक्षण करने के पश्चात निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में जमा करें।
- शुल्क विवरणः–

| क्र. | कक्षा/परीक्षा का नाम | पूरक परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|
| 01 | बी.ए./बी.कॉम. भाग एक एवं दो | रू. 820.00 |
| 02 | बी.एससी./बी.एससी. (गृहविज्ञान) भाग एक एवं दो | रू. 1075.00 |
| 03 | बी.सी.ए. भाग एक एवं दो | रू. 1075.00 |

## अग्रेषणकर्ता अधिकारी के कार्यालय हेतु

पूरक परीक्षा केन्द्रों/महाविद्यालयों के प्राचार्य परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन पद्धति में एटीएम/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड द्वारा जमा कराई गई कुल परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण, गोसवारा, न्यूमेरिकल रिटर्न प्रपत्र एवं परीक्षार्थियों द्वारा जमा की गई हार्ड कापी (संलग्नकों सहित) दिनांक 22.11.2017 तक जमा की जानी है।

कुलसचिव
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
Registrar
Durg University
Durg (C.G.)

पृ.क्र. 741/परीक्षा/पूरक/2017
दुर्ग, दिनांक : 02.11.2017

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. सचिव, उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन मंत्रालय, नया रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
4. जिलाधीश, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम।
5. पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम।
6. परीक्षा नियंत्रक, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग।
7. वित्त नियंत्रक/उ.कु.स. अकादमिक/संबंधित परीक्षा कार्य सहायक, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग।
8. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग।
9. प्राचार्य, संबद्ध समस्त महाविद्यालय, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग।
10. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
11. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार पत्र, दुर्ग/बेमेतरा/बालोद/राजनांदगांव/कबीरधाम को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक
Controller of Examinations
Durg University, Durg (C.G.)